10	25.12.2008	यथोपरि	30	25.12.2008	यथोपरि	1950
		यथोपरि	95	25.12.2008		
			54	25.12.2008		
					कुल भुगतान	**₹19500**

उक्त भुगतान/व्यय के सम्बन्ध में निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई, जिनका निपटारा करके किये गये व्यय को उचित ठहराया जाये:–

(i) नियमानुसार बी0एस0सी0ए0 के कार्यक्रम की तैयारी हेतु जलपान उपलब्ध करवाने का कोई प्रावधान नहीं है। महाविद्यालय द्वारा जलपान केवल अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को दिया जा सकता है। अतः जिन नियमों के अर्न्तगत यह भुगतान किया गया उन्हें दर्शाकर किये गये भुगतान को उचित ठहराया जाये।

(ii) महाविद्यालय द्वारा प्रैक्टिस के दौरान जिन 66 छात्र व 66 छात्राओं को जलपान उपलब्ध करवाया गया दर्शाया गया है उनका विवरण नहीं दिया गया, जिसके कारण स्पष्ट किए जाये।

(iii) महाविद्यालय द्वारा उक्त भुगतान करते समय यह प्रमाणित किया गया कि 66 छात्रों द्वारा सुबह के समय तथा 66 छात्राओं द्वारा शाम के समय प्रैक्टिस की गई। इस सन्दर्भ में यह स्पष्ट किया जाए कि क्या उक्त प्रतियोगिता में छात्रों तथा छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से कोई कार्यक्रम नहीं किया गया।

(ख) इसके अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा किए गए निम्न विवरणानुसार भुगतान में भी अनियमितताएं पाई गई, जिनका निपटारा करनके किए गए भुगतान को उचित ठहराया जाए :–

(i) मैं0 अमर ट्रैडर के बिल संख्या 45 दिनांक 22.12.2008 के अन्तर्गत 22 समृतिचिन्ह ₹40 प्रति समृतिचिन्ह की दर से खरीदने हेतु दिनांक 12.05.2009 को कुल ₹880 का भुगतान किया गया तथा स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 10 के क्रम संख्या 297 पर इन्द्राज करके उक्त स्मृतिचिन्ह छात्रों में वितरित किये गये दर्शाकर इन्हें स्टॉक से खारिज कर दिया गया, परन्तु जिन.जिन छात्रों को स्मृतिचिन्ह वितरित किए गए उनका कोई विवरण नहीं दिया गया, जिसके कारण स्पष्ट किए जाएं तथा अपेक्षित विवरण देकर किये गये विवरण व भुगतान को उचित ठहराया जाये।

(ii) मैं0 वेद जनरल स्टोर में उनके बिल संख्या 135 दिनांक 26.12.2008 के अन्तर्गत साज.सजावट के सामान खरीदने पर ₹653 का भुगतान किया गया जिसका स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 10 के क्रम संख्या 297 पर इन्द्राज करके इन्हें सामान को स्टॉक से खारिज कर दिया गया, परन्तु महाविद्यालय द्वारा साज.सजावट का क्या.क्या सामान खरीदा गया, उसका कोई विवरण नहीं दिया गया, जिसके कारण स्पष्ट किया जाये तथा पूर्व विवरण देकर एवं इस सामान के उपयोग से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत करके किये गये भुगतान को उचित ठहराया जाये।

(iii) मैं0 देवी दास एण्ड सन्ज को उनके बिल संख्या 405 दिनांक 30.12.2008 के अन्तर्गत साज. सज्जा का सामान खरीदने पर ₹514 का भुगतान किया गया तथा स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 9 के क्रम संख्या 245 पर इसका इन्द्राज करने के उपरान्त इन्हें छात्रों को जारी किया गया दर्शाकर इन्हें स्टॉक से खारिज कर किया गया। परन्तु जिन.जिन छात्रों द्वारा सामान को प्रयोग में लाया गया उनसे सम्बन्धित कोई विवरण नहीं किया गया। अतः अपेक्षित विवरण देकर गई खरीद व खपत को उचित ठहराया जाये अन्यथा इस सन्दर्भ में उचित कार्रवाई अमल में लाकर की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

17 पुस्तकालय हेतु खरीदी गई 30 नम्बर कुर्सियों की खरीद पर ₹54,000 का व्यय करने से सम्बन्धित अनियमितताएं

मैं0 AVA Trading Co. Palampur को उनके बिल संख्या 1123 दिनांक 19.01.2015 के अर्न्तगत 30 नम्बर Library Chairs खरीदने हेतु ₹1,800 प्रति की दर ₹54,000 का भुगतान दिनांक 19.01.2015 को किया गया। उक्त क्रय में निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई, जिनका निपटारा करके की गई खरीद व किए गए भुगतान उचित ठहराया जाये।

(क) इस खरीद हेतु 6 फर्मों से दिनांक 22.11.2014 को निविदाएं आमन्त्रित की गई दर्शाई गई परन्तु जिस पत्र संख्या के अन्तर्गत से यह निविदाए आमन्त्रित की गई, उनमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह निविदाएं स्थल पर एकत्रित की गई अथवा डाक के माध्यम से मंगवाई गई थीं। अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये।

(ख) निविदाएं आमन्त्रण पत्र में केवल 1 नम्बर Library Chair की खरीद हेतु निविदाएं आमन्त्रित की गई, जबकि खरीद 30 कुर्सियों की जानी थी। अतः जब खरीद 30 कुर्सियों की जानी थी तो निविदाएं में केवल एक कुर्सी खरीद हेतु निविदाएं आमन्त्रित करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त निविदाओं में Library Chair की Specified.Make नहीं दर्शाया गया था तथा आपूर्तिकर्ता द्वारा भी कुर्सियों की विशिष्टिता दर्शाऐ बिना ही Library Chair की ₹1,800 प्रति chair की दर पर दरें देकर सामान की आपूर्ति कर दी गई। अतः बिना Specified विशिष्टिता दर्शाऐ सामान की खरीद करना तथा केवलएक कुर्सी हेतु दरे आमन्त्रित करके 30 कुर्सियों की खरीद करने के फलस्वरूप इस प्रकरण में किसी भी प्रकार के अनुचित एवं अधिक भुगतान को भी नकारा नहीं जा सकता है। अतः इस प्रकरण में आन्तरिक जांच के उपरान्त की गई कार्रवाई एवं वस्तुस्थिति से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(ग) महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में निविदाएं आमन्त्रित करके ₹1800 प्रति कुर्सी की दर कुर्सियां की गई, जबकि हिमाचल प्रदेश मानकदरों (Rate Contract) में विभिन्न विशिष्टिताओं की कुर्सियों की जो दरें निश्चित.निर्धारित की गई थीं, वह केवल ₹450 में ₹1070 तक थीं, जिनका विवरण निम्नलिखित हैं।

Sr. No.	I com code	Rate Per Unit
1.	M 4401033001	1070
2.	M 4401031002	1000
3.	M 4401013001	650
4.	M 4401013006	450
5.	M 4401014000	570

इस प्रकार महाविद्यालय द्वारा उक्त वर्णित दर संविदाओं में दर्शाई गई कुर्सियों की विशिष्टतताओं के अनुसार कुर्सियों की खरीद की जा सकती थी। अतः कुर्सियों की उपरोक्त खरीद को दर संविदा के आधार पर न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अब खरीदी गई कुर्सियों का उक्त वर्णित दर संविदा में दर्शाई गई विशिष्टतताओं के अनुसार मिलान करके की गई खरीद व भुगतान को उचित ठहराया जाय तथा किसी प्रकार के अधिक भुगतान की अवस्था में अपेक्षित राशि की प्रतिपूर्ति करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

(घ) उपरोक्त के अतिरिक्त आन्तरिक जांच के उपरान्त यह भी स्पष्ट किया जाए कि खरीदी गई कुर्सियां महाविद्यालय के पुस्तकालय में ही लगाई गई है। इस प्रकरण में किसी भी प्रकार अनियमितता होने पर उचित कार्रवाई अमल में लाकर की गई कार्रवाई से इस कार्यालय को अवगत करवाया जाये।

18 हारपिक की खरीद करने पर ₹9,600 का अनियमित भुगतान करने के बारे में

(क) अभिलेख की जांच में पाया गया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के केवल 4 शौचालयों में प्रयोग हेतु एक ही दिन में निम्न विवरणानुसार अलग–अलग बिलों में 96 हारपिक की बोतलों की कुल खरीद ₹3,840 की गई दर्शाई गई तथा इन्हें स्टॉक में इन्द्राज के उपरान्त इस सामग्री को कार्यालय में प्रयोग किया गया दर्शाकर इन्हें स्टॉक में खारिज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त इन बिलों का भुगतान इकट्ठा न करके, दो अलग.अलग वाउचरों से 5 माह के अन्तराल में किया गया।

भुगतान की तिथि	आपूर्तिकर्ता का विवरण	बिल सं0	दिनांक	विवरण
30.12.2008	मैं0 हुसैन बेग हार्डवेयर एण्ड जनरल स्टोर	113	19.11.2008	24 बोतल @ 40=₹960
		110	19.11.2008	24 बोतल @ 40=₹960
12.05.2009	मैं0 हुसैन बेग हार्डवेयर एण्ड जनरल स्टोर	119	19.11.2008	24 बोतल @ 40=₹960
		124	शून्य (स्टॉक रजिस्टर में दिनांक 19.11.2008 दर्शाई गई है)	24 बोतल @ 40=₹960

इस प्रकार 4 शौचालय हेतु 96 हारपिक बोतलों की खरीद, 4 अलग–अलग बिलों से किया जाना और भुगतान इकट्ठा न करके दो अलग–अलग वाउचरों के अन्तर्गत से 5 माह के अन्तराल में किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः एक ही दिन में 4 अलग–अलग बिलों में 96 बोतलों की खरीद करने व 5 माह के अन्तराल पर दो अलग–अलग वाउचरों के अन्तर्गत दो–दो बिलों का भुगतान करने के कारण स्पष्ट किए जाए तथा 4 शौचालयों में 96 बोतलों की खपत को उचित ठहराया जाये। इसके अतिरिक्त उक्त वर्णित 96 बोतल हारपिक की खरीद के एक माह के उपरान्त दिनांक 31.12.2008 की पुनः मैं0 हुसैन बेग हार्डवेयर एण्ड जनरल स्टोर से उनके बिल संख्या 109 के अर्न्तगत 24 बोतल हारपिक की खरीद ₹40 प्रति बोतल की दर से करके कुल ₹960 का भुगतान किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त दिनांक 31.12.2008 को ही पुनः मैं0 शिव दयाल एण्ड सन्ज से उनके बिल संख्या 50 के अन्तर्गत भी 24 बोतलों की खरीद हेतु ₹960का भुगतान किया गया। इन दोनों बिलों का भुगतान दिनांक 12.05.2009 को किया गया। अतः उक्त विवरणानुसार व हारपिक को 96 बोतलों की खरीद के अतिरिक्त एक माह के अन्तराल के बाद दो अलग–अलग दुकानदारों से 24–24 हारपिक बोतलों की खरीद करने के कारण स्पष्ट किए जाये तथा इन खरीद एवं खपत को उचित ठहराया जाये।

(ख) उपरोक्त के अतिरिक्त पुनः मैं0 हुसैन बेग हार्डवेयर एण्ड जनरल स्टोर से निम्न विवरणानुसार 96 बोतल हारपिक की खरीद करने पर कुल ₹3,840 का भुगतान किया गया तथा उन सभी बोतलों का स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ संख्या 15 पर क्रम संख्या 460, 461, 462 व 476 के अन्तर्गत इन्द्राज इन्हें कार्यालय में प्रयोग किया गया दर्शाकर स्टॉक से खारिज कर दिया गया। अतः बार–बार हारपिक की

बोतलों की खरीद को उचित ठहराया जाये तथा यह भी स्पष्ट किया जाये कि बिल संख्या 833 से सामान की खरीद दिनांक 01.04.2009 को, बिल संख्या 830 से दिनांक 03.06.2009 को, बिल संख्या 828 से दिनांक 02.07.2009 तक बिल संख्या 826 की खरीद दिनांक 01.08.2009 को किस प्रकार की गई, जबकि बिल क्रमांक अनुसार 826, 828, 830 व 833 ही जारी किए गए हैं। अतः आन्तरिक जांच के उपरान्त उपरोक्त वर्णित समस्त की गई खरीद एवं खपत व भुगतान को उचित ठहराया जाये। इस सन्दर्भ में अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

क्र0 सं0	**बिल सं0**	**दिनांक**	**मात्रा**	**दर**(प्रति बोतल)	**राशि**
1	833	1.4.2009	24 बोतल	40	960
2	830	3.6.2009	24 बोतल	40	960
3	828	2.7.2009	24 बोतल	40	960
4	826	1.8.2009	24 बोतल	40	960

19 मिश्रित निधि से ₹8,711 का अनियमित व्यय करना

अभिलेख की जांच में पाया गया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा मिश्रित निधि से कार्यालय प्रयोग हेतु सामान की खरीद करके निम्न विवरणानुसार व्यय किया गया है, जबकि नियमानुसार छात्र निधियों का प्रयोग केवल छात्रों को सुविधाएं प्रदान करने पर ही किया जा सकता है। अतः मिश्रित निधि से कार्यालय प्रयोग हेतु किये गये व्यय को नियमानुसार उचित ठहराने के लिए सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके इसे नियमित करवाया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से व्यय की गई राशि की पूतिपूर्ति करके इसे वापिस जमा करवाकर की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

भुगतान की तिथि	**आपूर्तिकर्ता का नाम व बिल संख्या**	**सामान का विवरण**	**राशि**
25.10.2008	अमन क्लाथ हाऊस बिल संख्या 32 दिनांक 26.10.2008	कपड़ा परदा 36 मी0@50	1300
	भगत राम टेलर	परदे सिलाई	400
	मैं0 शिव दयाल एण्ड सन्ज बिल संख्या 0917 दिनांक 23.09.2008	4 पीस पर्दा पाईप 460 60 पीस रिंग 90 1 डिब्बी पेच व गिट्टी 65	615
25.10.2008	वेद जनरल स्टोर बिल संख्या 420 दिनांक 12.09.2008	2 Pen Stand @ 330 = 660 1 Calcutater = 250 4 Pilot Pen Blue @25 = 100 2 Pilot Pen Green @ 25 = 50 1 Rim Full Size = 220 2 Stepler 24/6 @ 80 = 160	1630

		1 Punch Machine = 110 1 Gum Bottel = 30 2 PKT Paper Pin = 40 2 Cello Tape@5 = 10	
21.10.2008	मैं0 हुसैन बेग हार्डवेयर स्टोर बिल संख्या 1296 दिनांक 30.09.2008	बोर्ड 19 m.m 4’-6’=3 No.x₹672 प्रतिएक,	2016
		प्लाई 6 m.m 3’-6’=2 No. ₹230 प्रतिएक	460
		सनमाईका लार्ज 3 शीट ₹360 प्रति एक	1080
		फेविकोल 1½ किलो ₹160 प्रतिकिलो	250
		किलें 2 किलो ₹80 प्रतिकिलो	160
		मजदूरी 4 दिन ₹200 प्रतिदिन	800
		कुल योग	**₹4,766**

इसके अतिरिक्त उक्त वर्णित सामान की स्टॉक प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 5 पर क्रम संख्या 139 से 144 के अन्तर्गत करके कार्यालय में प्रयोग किया गया दर्शाकर स्टॉक से खारिज कर दिया गया, परन्तु यह कहीं भी स्पष्ट नहीं किया गया कि महाविद्यालय द्वारा क्या कार्य करवाया गया। अतः करवाये गये कार्य का पूर्ण विवरण देकर किये गये व्यय को उचित ठहराया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से व्यय की गई राशि वसूली करके उस राशि को वापिस जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

20 नियमों की अवहेलना करते हुए ₹18,779 का क्रम छोटे–छोटे बिलों के अतिगति करने बारे

अभिलेख की जांच में पाया गया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने से बचने हेतु सामान की खरीद इकट्ठी न करके छोटे.छोटे बिलों में की गई है, जबकि हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 2009 की धारा 100 में इस प्रकार खरीद करने पर पूर्ण रोक है। अतः आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने से बचने हेतु छोटे.छोटे बिलों में सामान की खरीद करना अनियमित है तथा नियमों की अवहेलना है, जिसमें किसी प्रकार के गलत.अधिक भुगतान को नहीं नकारा जा सकता है। अतः छोटे.छोटे बिलों से सामान की खरीद करने के कारण स्पष्ट किए जाये तथा जांच के उपरान्त किसी भी प्रकार के गलत.अधिक भुगतान को नकारते हुये की गई खरीद को उचित ठहराया जाये तथा अधिक भुगतान की अवस्था में इस प्रकरण में उचित कार्रवाई अमल में लाकर की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में नियमों की पूर्ण अनुपालना करते हुये खरीद की जानी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त मैं0 वेद जनरल स्टोर, तीसा से उनके बिल संख्या 1285 दिनांक 17.7.2014, बिल संख्या 1281 दिनांक 27.7.2014, बिल संख्या 1286 दिनांक 4.8.2014, बिल संख्या

1284 दिनांक 20.8.2014 तथा बिल संख्या 1283 दिनांक 2.9.2014 के अन्तर्गत की गई खरीद में स्पष्ट किया जाये कि उलटे क्रम से बिलों का जारी किया जाना व खरीद किस प्रकार सम्भव हुई।

क्र0 सं0	भुगतान की तिथि	आपूर्तिकर्ता का विवरण	बिल सं0	तिथि	सामान का विवरण	राशि
1.	11.09.2014	Aar.L.Furniture Tissa	1214	12.09.2014	4 स्टूल@725	2,900
			1215	13.09.2014	4 स्टूल@725	2,900
		मैं0 वेद जनरल स्टोर तीसा	1285	17.07.2014	1 Black Board 3'x5'	2,000
			1281	27.07.2014	1 Black Board 3'x5'	2,000
			1286	04.08.2014	1 Black Board 3'x5'	2,000
			1284	20.08.2014	1 Black Board 3'x5'	2,000
			1283	02.09.2014	1 Black Board 3'x5'	2,000
2.	...02.2008	मैं0 भानु विज्ञान केन्द्र	2511	02.02.2008	Land Measuring	993
			2512	02.02.2008	tape Trough	993
			2514	02.02.2008	compass	933
					Trough Compass	
					Stencils Set	
					Raising Road	
					Measuring type	
					Metal Arrowas	
					कुल	**₹18,779**

21 खेल सामग्री का रख–रखाव ठीक ढंग से न करने बारे

अभिलेख की जांच में पाया गया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष मिश्रित निधि से जो खेलों का जो सामान खरीदा जाता है, उसकी स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि करके इन्हें छात्रों में वितरीत किया गया दर्शाया गया है अथवा पुराने समान को अनुपयोग्य.बेकार ठहराकर स्टॉक से खारिज कर दिया गया है, परन्तु जिन छात्रों को सामान दिया गया है न तो कोई उनका विवरण दिया गया है और न यह स्पष्ट किया गया कि सामान कब.कब खराब.बेकार हुआ तथा किसके द्वारा बेकार सामान का सत्यापन किया गया। कुछ इस प्रकार इस सन्दर्भ में किसी भी नियमों की अनुपालना नहीं की गई है, जबकि इस बारे में हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 2009 की धारा 145 व 146 में स्पष्ट प्रावधान दिये गये हैं। अतः सामान खरीदने के साथ ही छात्रों को बांटा गया दर्शाकर खारिज कर देने तथा छात्रों का वितरण/पावती के बिना स्टॉक से खारिज कर देना तथा अनुपयोग्य सामान को बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाये स्टॉक से खारिज कर देना अनियमित है तथा इस प्रक्रिया में किसी प्रकार के सामान के दुरूपयोग को नकारा नहीं जा सकता है। अतः यह मामला उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में लाया जाता है कि इस सन्दर्भ में सामान के प्रयोग

से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख की नियमानुसार जांच करवाकर की गई कार्रवाई एवं अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त यह भी परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में पूर्ण कौडल औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त ही सामान को स्टॉक से अनुपयोग्य ठहराकर खारिज किया जाये। उक्त प्रकार अनियमितताओं के कुछ विवरण निम्नलिखित हैं।

क्र0 सं0	भुगतान की तिथि	आपूर्तिकर्ता का विवरण व बिल संख्या	सामान का विवरण	स्टॉक प्रविष्टि का विवरण	टिप्पणी
1.	07.11.07	वेद जनरल स्टोर, बिल सं0 627 व 628	1 Bat = 800 1 Bat = 675 2 Bating Glover @ 60 = 120 2 Thai Pad @50 = 100 11 No. Knee Caps @ 15 = 165 4 No. L.Guard @ 20 = 80 1 No. Keeping Glubs = 250 1 No. Keeping Pad= 250 2 No. Batting Pad @ 350 = 700 2 No. Batting Rubber @ 20 = 40 2 No. Halmat @ 150 = 300 1 Set Vicket = 140 1 Rit Bag = 250	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ सं0 1 पर क्रम सं0 12 से 24 तक	Unserviceable (अनुपयोग्य शेष शून्य)
2.	25.10.08	वेद जनरल स्टोर बिल सं0 412 दिनांक 03.10.08	2 Bat @ 300 = 600 2 Batting Glover @ 80 = 160 3 Wicket @ 40 = 120 2 Helmat @ 300 = 600 1 Box Ball = 180=180 2 Pair Pad @ 295 = 590 4 Thai Pad @ 60 = 240 4 Safe Guard @ 20 = 80	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ सं0 4 पर क्र0 सं0 107 से 114 पर	Brocken and Unserviceable शेष शून्य
3.	25.10.08	वेद जनरल स्टोर बिल सं0 409 दिनांक 30.08.08	1 Net Valley Ball = 340 1 Valley Ball = 375 1 Basket = 375 10 Box Chalk = 120 3 Pilot Pen = 75	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ सं0 5 पर क्र0 सं0 128 से 132 तक	Used By Students शेष शून्य (क्रम के समर्थन में संलग्न तीन निवदाएं 2 माह बाद दिनांक 10.10.08 की है।)
4.	12.05.09	अमर ट्रेडर्ज मण्डी, बिल सं0 6 दिनांक 12.12.08	8 Badmintan Shuttle Cook @ 115 = 920 4 Cricket Ball @ 175 = 700 1 Valley Ball Synthatrie = 395 1 Balley Ball ..... = 250 1 Badmintan Net = 110 1 Hockey Ball = 45	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 9 के क्रम सं0 246 से 251 पर	Ussed to Students शेष शून्य (सामान की स्टॉक प्रविष्टि जिस दिन सामान खरीदा गया। उस दिन न कर 5 माह बाद भुगतान

					की तिथि को की गई।)
5.	12.05.09	ठाकुर जनरल स्टोर, बिल सं0 510 दिनांक 26.12.08	1 SC Bat = 600	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ सं0 10 क्रम सं0 298 पर	यथोपरि
6.	31.12.09	वेद जनरल स्टोर बिल सं0 377 व 381 दिनांक 31.12.09 व 30.12.09	1 Bat SS = 700 1 Pad Batting = 400	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ सं0 15 के क्र0 सं0 425 व 426 पर	Ussed to Students Balance Net (बिल सं0 377 से दिनांक 31.12.09 से दिनांक 30.12.09 को खरीद किस प्रकार सम्भव हुई)
7.	25.10.08	मैं0 वेद जनरल स्टोर बिल सं0 420 दिनांक 12.09.08	1 Basket Ball = 370	स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 5 क्र0 सं0 145 पर	Ussed to Students Balance Net

22 अन्य विविध अनियमितताएं

(क) मैं0 देशराज न्यूज एजेन्सी को महाविद्यालय पुस्तकालय में समाचार पत्रों की आपूर्ति करने पर दिनांक 31.03.2012 को ₹1,937 तथा दिनांक 31.12.2012 को ₹2,242 का भुगतान पुस्तकालय प्रतिभूति से किया गया। अभिलेख.समाचार पत्रों स्टॉक रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि मैं0 देशराज न्यूज एजेन्सी को उनके द्वारा आपूर्ति किये गये समाचार पत्रों से अधिक दिनों का भुगतान किया गया है अर्थात जिन दिनों हेतु समाचार पत्र की आपूर्ति नहीं की गई उन दिनों का भी भुगतान किया गया, जिसके कारण स्पष्ट किए जाये व अधिक किये गये भुगतान की प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये। इसके अतिरिक्त बिलों की जांच में पाया गया कि आपूर्तिकर्ता द्वारा अधिकांश बिल अग्रिम में ही प्रस्तुत किये गये तथा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उनका सत्यापन करके भुगतान भी कर दिया गया, जैसे अमर उजाला व दैनिक जागरण के सभी बिल माह के शुरू में ही प्रस्तुत किये गये हैं। इस प्रकार जब महाविद्यालय द्वारा समाचार पत्र प्राप्त ही नहीं किये गये थे, तो उनके अग्रिम बिलों का सत्यापन किस प्रकार सम्भव हुआ, इसको स्पष्ट किया जाए तथा जांच के उपरान्त वस्तुस्थिति से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। अधिक किये गये भुगतान का विवरण निम्नलिखित है।

समाचार	बिल सं0. दिनांक	माह जिस	बिल में	स्टॉक	अधिक	शून्य प्रति एक	अधिक

पत्र का नाम		हेतु भुगतान किया गया	दर्शाई गई मात्रा जिस हेतु भुगतान किया गया	रजिस्टर के अनुसार प्राप्त की गई मात्रा	भुगतान की गई मात्रा	समाचार पत्र	भुगतान की गई राशि
अमर उजाला	1752 / 8.6.11	जून 11	30 दिन	शून्य	30दिन	3.50	10.50
	1745 / 2.7.11	जुलाई 11	31 दिन	30 दिन	1 दिन	3.50	3.50
	1746 / 3.8.11	अगस्त 11	30 दिन	27 दिन	3 दिन	3.50	10.5
	1740 / 4.9.11	सितम्बर 11	30 दिन	27 दिन	3 दिन	3.50	10.5
	1750 / 7.12.11	दिसम्बर 11	31 दिन	30 दिन	1 दिन	3.50	3.50
	1112 / 1.2.12	फरवरी 12	23 दिन	21 दिन	2 दिन	3.50	7.00
दिव्य हिमाचल	1101 / 6.8.11	अगस्त 11	30 दिन	14 दिन	16दिन	3व4रू.	50.00
	1102 / 6.9.11	सितम्बर 11	31 दिन	26 दिन	4 दिन	3व4रू.	12
	1104 / 2.11.11	नवम्बर 11	30 दिन	25 दिन	5 दिन	3व4रू.	15
	1105 / 31.12.11	दिसम्बर 11	31 दिन	30 दिन	1 दिन	3व4रू.	3
	1111 / 1.2.12	फरवरी 12	23 दिन	16 दिन	7 दिन	3व4रू.	22
दैनिक जागरण	शून्य / 9.11	अगस्त 11	30 दिन	24 दिन	7 दिन	3.50	24.50
	दिसम्बर / 11	दिसम्बर 11	31 दिन	30 दिन	1 दिन	3.50	3.50
	फरवरी / 12	फरवरी 12	24 दिन	23 दिन	1 दिन	3.50	3.50
	मार्च / 12	मार्च 12	31 दिन	शून्य	31दिन	3.50	108.00
	अगस्त / 12	अगस्त 12	30 दिन	27 दिन	3 दिन	3.50	10.50
	सितम्बर / 12	सितम्बर 12	30 दिन	28 दिन	2 दिन	3.50	7.00
	अक्तूबर / 12	अक्तूबर	31 दिन	25 दिन	6 दिन	3.50	21.00
	नवम्बर / 12	नवम्बर	29 दिन	27 दिन	2 दिन	3.50	7.00
अमर उजाला	मार्च 12	मार्च	31 दिन	शून्य	31दिन	3.50व4.50रू	110
	अगस्त 12	अगस्त	30 दिन	27 दिन	3 दिन	3.50व4.50रू	10
	सितम्बर 12	सितम्बर	30 दिन	28 दिन	2 दिन	3.50व4.50रू	7
	अक्तूबर 12	अक्तूबर	31 दिन	25 दिन	6 दिन	3.50व4.50रू	22
	नवम्बर 12	नवम्बर	29 दिन	27 दिन	2 दिन	3.50व4.50रू	7
दिव्य हिमाचल	अगस्त 12	अगस्त	30 दिन	14 दिन	16दिन	3.50	56
	सितम्बर 12	सितम्बर	31 दिन	10 दिन	20दिन	3.50	70
	अक्तूबर 12	अक्तूबर	31 दिन	16 दिन	5 दिन	3.50	52
दी ट्रब्यून	नवम्बर 12	नवम्बर	29 दिन	27 दिन	2 दिन	3.50	7
	नवम्बर 12	नवम्बर	30 दिन	27 दिन	3 दिन	3	9
						कुल अधिक भुगतान की गई राशि	**₹778**

(ख) महाविद्यालय द्वारा पुस्तकालय के लिए दिनांक 22.3.2013 की ₹7,000 का भुगतान करके केवल साहित्य एवं शोध केन्द्र तीसा से 20 पुस्तके (चम्बा का अचम्भा) पुस्तकालय के लिए खरीदी गईं, जिस पर आपूर्तिकर्ता द्वारा ₹400 प्रति मुल्य की पुस्तक की कुल 20 पुस्तकों की ₹8,000 पर ₹1000 की छूट प्रदान करके ₹7000 का भुगतान किया गया। इन पुस्तकों की स्टॉक प्रविष्टियां पुस्तकालय के

Accession Register के पृष्ठ 33 पर क्रमांक सं0 808 से 825 पर की गई अर्थात उपरोक्त क्रमांक के अनुसार केवल 18 पुस्तकों का इन्द्राज लिया गया शेष 2 पुस्तकों का इन्द्राज नहीं किया गया। अतः जांच के उपरान्त शेष पुस्तकों का भी इन्द्राज किया जाए अथवा 2 पुस्तकों की ₹800 वसूली करके तथा इसे निधि में वापिस जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

(ग) महाविद्यालय द्वारा दिनांक 6.11.2008 को श्री एम0एस0 जमवाल को ₹246 की प्रतिपूर्ति, उनके द्वारा श्री गौरव ओबराय मण्डी से दो पुस्तकें "A Porbe into unexplained" दिनांक 15.10.2008 को खरीदने पर हेतु की गई। इन पुस्तकों की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ सं0 6 पर क्रमांक सं0 172 के अन्तर्गत करके इन्हें प्रयोग किया गया दर्शाया गया तथा शेष शून्य दर्शाकर इन्हें स्टॉक से खारिज कर दिया गया। अतः इस सन्दर्भ में उचित कार्रवाई अमल में लाते हुए व अपेक्षित राशि की प्रतिपूर्ति करके इन्हें निधि में जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

(घ) दिनांक 12.5.2009 मैं0 ठाकुर इनफोटैक मेन बाजार सलूणी से फोटोस्टेट इत्यादि कार्य करवाने पर कुल ₹1,974 का भुगतान किया गया, जिसका विवरण निम्नलिखित है।

1	62 पृष्ठ कम्प्यूटर टाईपिंग दर ₹20 प्रति पृष्ठ		1240
2	384 पृष्ठ फोटोस्टेट दर ₹1 प्रति पृष्ठ		384
3	7 पुस्तकें स्पाईरल बाईडिंग दर ₹50		350
		योग	**₹1974**

उपरोक्त कार्य के सन्दर्भ में प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 10 के क्रमांक संख्या 293 से 295 पर की गई, परन्तु करवाये गये कार्य का कोई विवरण नहीं दिया गया। अतः उचित विवरण देकर इस व्यय को मिश्रित निधि पर उचित प्रभार ठहराया जाये अन्यथा किए गए भुगतान की उचित स्त्रोत से प्रतिपूर्ति करके अपेक्षित राशि को मिश्रित निधि में जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

(ङ) दिनांक 12.05.2009 को मैं0 वेद जनरल स्टोर से उनके बिल संख्या 890 दिनांक 31.12.2008 के अन्तर्गत 600 कापी फोटोस्टेट ₹1 प्रति कापी की दर पर करवाने पर ₹600 का भुगतान किया गया, परन्तु फोटोस्टेट में किए गए कार्य का पूर्ण विवरण नहीं दिया गया। अतः पूर्ण विवरण देकर इस व्यय को मिश्रित निधि पर उचित प्रभार ठहराया जाये अन्यथा उचित स्त्रोत से इसकी वसूली करके यह राशि निधि कोष में जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

(च) दिनांक 23.10.2013 को मैं0 निरमल कम्प्यूटर सेंटर से उनके बिल संख्या 290 दिनांक 18.10. 2013 के अन्तर्गत 14 पुस्तकें "Spoken English and Personality Development " की खरीद करने पर ₹450 प्रति पुस्तक की दर से कुल ₹6,300 का भुगतान किया गया। इस खरीद के समर्थन में

कोई मूल्य सूची अभिलेख के साथ संलग्न नहीं की गई है और न ही यह स्पष्ट किया गया है कि इस क्रय में कितनी छूट प्राप्त की गई है और न ही इन पुस्तकों की कोई स्टॉक प्रविष्टि ली गई है। अतः इस प्रकरण की वांछित कार्रवाई करके सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में दर्शाकर की गई कार्रवाई को उचित ठहराया जाये।

(छ) मैं0 एस0एस0 ऑफसेट प्रिंटर्ज से उनके बिल संख्या 80 व 81 दिनांक 15.12.2007 के अन्तर्गत छात्रों से शुल्क वसूलियों हेतु छपवाई गई रसीद पुस्तकों के लिए 19.02.2008 को ₹1,800 का भुगतान किया गया, जिसका विवरण निम्नलिखित है।

1.	College Receipt Books 10 No - 100	1,000
2.	P.T.A Fund Collection R.B. 40 No. - 20	800
		₹1,800

इन रसीद पुस्तकों की स्टॉक प्रविष्टियां, स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 2 पर क्रम संख्या 44 व 45 के अन्तर्गत करके इन्हें कार्यालय में व पी0टी0ए0 में प्रयोग की गई दर्शाकर शेष शून्य दर्शाया गया, परन्तु इन रसीद बुकों को कब–कब प्रयोग में लाया गया, इसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया। अतः जांच के उपरान्त प्रयोग सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख आगामी अंकेक्षण में दर्शाया जाये ताकि रसीद पुस्तकों के किसी प्रकार के दुरूपयोग को नकारा जा सके। इसके अतिरिक्त मिश्रित निधि से पी0टी0ए0 हेतु की गई खरीद निधि पर उचित प्रभार नहीं है। अतः पी0टी0ए0 हेतु व्यय की गई ₹800 की प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत में करके इसे वापिस जमा करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये। उपरोक्त के अतिरिक्त दिनांक 13.03.2008 को पुनः मैं0 बामनी ऑफसेट प्रिंटर्ज से उनके बिल संख्या 397 दिनांक 04.03.2008 के अन्तर्गत 5 रसीद पुस्तके ₹100 प्रति रसीद बुक की दर पर छपवाने से ₹500 का भुगतान किया गया, जिसका स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 3 पर क्रमांक संख्या 61 के अन्तर्गत इन्द्राज करके इन्हें कार्यालय में प्रयोग किया गया दर्शाकर इनको स्टॉक से खारिज कर दिया गया, परन्तु इन रसीद पुस्तकों का कब प्रयोग में लाया गया कुछ स्पष्ट नहीं किया गया।

(ज) श्री दवेन्द्र कुमार, सहायक प्राध्यापक को महाविद्यालय में एन0एस0एस कार्यक्रम संचालित करने हेतु दिनांक 22.10.2014 को ₹15,000 ऋण के रूप में प्रदान की गई। अतः ऋण की उक्त राशि को वापिस प्राप्त करके इसे जमा करवाकर अनुपालन से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(झ) एन0एस0एस0 गतिविधियों हेतु दिनांक 19.10.2012 को ₹5,000 को ऋण के रूप में प्रदान करने हेतु निकासी की गई परन्तु न तो यह कुछ स्पष्ट किया गया है कि यह राशि किसको प्रदान की गई और न ही इस राशि को वापिस वसूलकर जमा करवाया गया है। इस सन्दर्भ में उचित कार्रवाई अमल में लाकर व राशि की वसूली करके की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(ञ) हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 2009 की धारा 140(2) के अनुसार स्टॉक में पड़े सामान का प्रत्येक वर्ष भौतिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य होता है। अभिलेख की जांच में पाया गया कि महाविद्यालय में कभी भी सामान का सत्यापन नहीं किया गया है, जिसके कारण स्पष्ट किए जाये व नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाकर की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(ट) अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया कि महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण अभिलेख तैयार नहीं किये गये थे, जिनके अभाव में छात्र निधियों की राशि के दुरूपयोग की सम्भावना बनी रहती है। अतः नियमों के अनुसार निम्नलिखित महत्वपूर्ण अभिलेख तैयार करना सुनिश्चित करें

(i) निवेश रजिस्टर

(ii) चालान रजिस्टर

(iii) जुर्माना निधि रजिस्टर इत्यादि।

23 **लघु आपत्ति विवरणीः—** यह अलग से जारी नहीं की गई अपितु इनका निपटारा मौके पर ही कर दिया गया।

24 **निष्कर्ष :—** लेखों के रखरखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/—
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009

पृष्ठांकन संख्या फिन(एल0ए0)एच(2)सी(5)(xi)(vi)136.15 खण्ड—1—0050—0052 दिनांकः05.01.2016, शिमला—171009

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः.

पंजीकृत
1. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय तीसा, तहसील चुराह, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्ण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेंजे।
2. निदेशक शिक्षा (उच्च शिक्षा) विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला—171001
3. विशेष सचिव (उच्च शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला—171002

हस्ता/—
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009